बर्षः- 06
अंकः- 51
मुरादाबाद
(Thursday)
11 June 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
मुरादाबाद से प्रकाशित
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## मंत्रिमंडल में कार्यकाल की सराहना का प्रस्ताव पारित

# पीएम मोदी को राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति समेत देश-दुनिया के नेताओं ने दी बधाई



♦ अमेरिकी राजदूत गोर ने प्रधानमंत्री को दी बधाई, कहा- कीर्तिमान दशकों की सेवा का सम्मान



प्रधानमंत्री ने बुधवार को एक नया कीर्तिमान अपने नाम किया है। इस मौके पर अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने उन्होंने बधाई दी है। अमेरिकी दूत ने कहा कि यह उपलब्धि दशकों की सेवा का सम्मान है। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। उन्होंने इस उपलब्धि को दशकों की समर्पित सार्वजनिक सेवा और नेतृत्व का एक सशक्त प्रमाण बताया। प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ने पर केंद्रीय कैबिनेट में सराहना प्रस्ताव पारित किया गया है। वहीं, इससे पहले भाजपा के शीर्ष नेताओं ने एनडीए सरकार के 12 साल पूरे होने पर भारत मंडपम में मंथन किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने चुने हुए प्रधानमंत्री के तौर पर 4,399 दिनों के कार्यकाल के साथ पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। इस तुलना के लिए नेहरू के 1952 के बाद के कार्यकाल को आधार माना गया है, क्योंकि देश में पहले आम चुनाव होने से पहले, 1947 से 1952 के बीच वे अंतरिम सरकार के प्रमुख थे। वहीं केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लगातार कार्यकाल के लिए सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर प्रधानमंत्री मोदी की सराहना करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। मंत्रिमंडल के सदस्यों ने प्रधानमंत्री मोदी का खड़े होकर अभिवादन भी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक और कीर्तिमान अपने नाम किया। लगातार 4399 दिनों से पीएम का पदभार संभाल रहे मोदी ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू को पीछे छोड़ दिया है। आज इस उपलब्धि के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत देश के कई नेताओं ने उन्हें बधाई दी। दुनिया के अन्य हिस्सों से भी बधाई संदेश आ रहे हैं। महाकाल के दरबार में पहुंचीं मालविका अविनाश- भाजपा कर्नाटक की उपाध्यक्ष और अभिनेत्री मालविका अविनाश ने विश्व प्रसिद्ध उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अच्छे स्वास्थ्य, दीर्घायु तथा देश की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की। मालविका अविनाश ने नंदी हॉल से बाबा महाकाल की भस्म आरती के दर्शन किए और पूजन-अर्चन में भाग लिया। भस्म आरती के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। पूरा मंदिर परिसर नमः पार्वती पतये, हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। दर्शन के बाद मालविका अविनाश ने कहा, आज हमने विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए प्रार्थना की। उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में 12 वर्ष पूरे किए हैं, जो हम सभी के लिए खुशी की बात है। बाबा महाकाल की कृपा से वह लंबे समय से देश की सेवा कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। हम यहां बाबा का आशीर्वाद लेने और प्रधानमंत्री जी के अच्छे स्वास्थ्य, लंबी आयु और देश की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना करने आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने और देश के इतिहास में सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री पद पर रहने का नया कीर्तिमान स्थापित करने के अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने देशवासियों के नाम एक खुला पत्र जारी किया है। पत्र में उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को भारत की सुरक्षा, सुशासन, वैज्ञानिक प्रगति, गरीब कल्याण और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए युग का आधार बताया। पंकज चौधरी ने कहा कि यह केवल एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रवादी चेतना, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनता के अटूट विश्वास की विजय है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में देश की जनता ने जन आकांक्षाओं की आवाज को सुनते हुए नरेंद्र मोदी को देश की बागडोर सौंपी थी और तब से लेकर आज तक उनके नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने बाहरी और आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर अभूतपूर्व मजबूती हासिल की है। सीमाओं की सुरक्षा से लेकर आतंकवाद और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण तक, भारत ने अपनी सुरक्षा व्यवस्था को पहले से अधिक सशक्त बनाया है। भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के लगातार 4,399 दिनों का कार्यकाल पूरा करने पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पत्र लिखकर बधाई दी है। इसके साथ ही हरियाणा को प्रधानमंत्री की कर्मभूमि बताते हुए राज्य को दी गई परियोजनाओं के लिए आभार भी व्यक्त किया।नायब सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित पत्र में लिखा, आपके कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे होने पर हरियाणा की पौने तीन करोड़ जनता की ओर से आपको हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। यह अवसर आपके वंदन का है, अभिनंदन का है। आज आप भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में सबसे लंबे समय तक निरंतर निर्वाचित व जन-जन के लोकप्रिय प्रधानमंत्री हैं। हमारी हरिभूमि ने ही आपको प्रधानमंत्री के रूप में देखने का संकल्प लिया था। आपको याद होगा कि 15 सितंबर, 2013 को रेवाड़ी में आयोजित देश के पूर्व सैनिकों की रैली से आपने अपने 2014 के लोकसभा चुनावों के अभियान की शुरुआत की थी। हमें पूरा विश्वास है कि उस रैली का उत्साह और आपके प्रति प्यार अभी भी आपके मानस पटल पर अंकित है। हम हरियाणा के लोग सदैव राष्ट्र निर्माण की अग्रिम पंक्ति में खड़े रहे हैं। हमारे वीर जवानों, परिश्रमी किसानों, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और कर्मठ युवाओं ने सदा ही राष्ट्र के गौरव को बढ़ाया है। इसलिए जब भी भारत की प्रगति, सुरक्षा, सम्मान और वैश्विक प्रतिष्ठा की बात होती है, तो हरियाणा का हृदय उससे गहराई से जुड़ जाता है। पिछले 12 वर्षों में देश ने जिस आत्मविश्वास, स्थिरता और विकास का अनुभव किया है, उसने हरियाणा के जन-जन को भी नई ऊर्जा और नए विश्वास से भर दिया है%। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री रहने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने लिखा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई, जो आज भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले चुने हुए प्रधानमंत्री बन गए हैं। हाल के हफ्तों में रोम में फिर से मिलना और मिलकर एक %विशेष रणनीतिक साझेदारी% की शुरुआत करना खुशी की बात रही है; यह साझेदारी भविष्य की ओर देखते हुए हमारे देशों और लोगों के लिए नए अवसर पैदा करने पर केंद्रित है। पीएम मोदी के भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार लिसाई सुंदरराजन ने कहा कि, %हमें बहुत खुशी है कि हमारे प्रधानमंत्री, जो सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रधानमंत्री हैं... हम इस उपलब्धि के साक्षी बनने के लिए भाग्यशाली हैं। एक पार्टी कार्यकर्ता के स्तर से उठकर, वे हर कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा बन गए हैं, जो कांग्रेस के वंशवाद से बिल्कुल अलग है, जहां नेतृत्व एक ही परिवार तक सीमित रहता था। एक भाजपा कार्यकर्ता के तौर पर, वे सर्वोच्च पद तक पहुंचे हैं और सभी को प्रेरित कर रहे हैं। वहीं बिहार सरकार में मंत्री रामकृपाल यादव ने भी प्रधानमंत्री मोदी को इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ देश ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### देश के सबसे अधिक समय तक पीएम रहने पर मोदी को योगी ने दी बधाई, लिखा- अविराम साधना नई गाथाएं लिखती रहे

देश के सबसे अधिक समय तक प्रधानमंत्री रहने पर मोदी को सीएम योगी ने बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि आपकी यह अविराम साधना नई गाथाएं लिखती रहे।देश के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करने वाले पीएम नरेंद्र मोदी को सीएम योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है। सीएम ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट %एक्स% पर पोस्ट करके लिखा कि 145 करोड़ भारतवासियों की सेवा, सुरक्षा और समृद्धि के लिए सतत समर्पित, अमृतकाल के सारथी प्रधानमंत्री को भारत के इतिहास में सबसे लंबी अवधि तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने वाले जननेता बनने पर हार्दिक बधाई। भारतीय लोकतंत्र का यह अभूतपूर्व कीर्तिमान संपूर्ण देशवासियों के विश्वास, स्नेह और आशीर्वाद की सामूहिक अभिव्यक्ति है।सीएम ने लिखा कि इतिहास में ऐसे अवसर विरले ही दिखते हैं, जब कोई नेतृत्व केवल सरकार का नहीं, बल्कि एक युग की चेतना का प्रतीक बन जाता है। यह सम्मान उसी तप, त्याग, दूर दृष्टि और राष्ट्रनिष्ठा का अभिनंदन है, जिसने करोड़ों देशवासियों को %विकसित भारत% के सपने से जोड़ा है।उन्होंने लिखा कि राष्ट्रसेवा को समर्पित आपकी यह अविराम साधना भारत की प्रगति, प्रतिष्ठा और पराक्रम की नई गाथाएं लिखती रहे। यही मंगलकामना है।

## इंडिया ब्लॉकः सोनिया-ममता की मुलाकात के बाद अब राहुल-अभिषेक बनर्जी के बीच अहम बैठक, विपक्षी रणनीति पर मंथन



राहुल गांधी और अभिषेक बनर्जी ने दिल्ली में मुलाकात कर इंडिया गठबंधन की एकता और तालमेल पर चर्चा की। यह बैठक ममता बनर्जी और सोनिया गांधी की मुलाकात के बाद हुई। इसका उद्देश्य भाजपा के खिलाफ विपक्ष को एकजुट करना और आपसी मतभेद दूर करना माना जा रहा है।लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को नई दिल्ली में मुलाकात की। यह बैठक 10 जनपथ पर हुई। विपक्षी गठबंधन इंडिया के बीच तालमेल बढ़ाने और एकता बनाए रखने की कोशिशों के तहत यह मुलाकात काफी अहम मानी जा रही हैयह बैठक ममता बनर्जी और सोनिया गांधी की मुलाकात के ठीक एक दिन बाद हुई है। मंगलवार को ममता बनर्जी ने सोनिया गांधी के आवास पर जाकर उनसे बात की थी। उस दौरान दोनों नेताओं ने विपक्षी गठबंधन को और ज्यादा मजबूत करने के रास्तों पर चर्चा की थी।सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी और अभिषेक बनर्जी की यह मुलाकात इस हफ्ते दिल्ली में हुई इंडिया गठबंधन की बैठक का ही हिस्सा है। उस बैठक में विपक्षी दलों ने भाजपा का मुकाबला करने के लिए आपसी सहयोग और एकता की जरूरत बताई थी।सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी और अभिषेक बनर्जी की यह मुलाकात इस हफ्ते दिल्ली में हुई इंडिया गठबंधन की बैठक का ही हिस्सा है। उस बैठक में विपक्षी दलों ने भाजपा का मुकाबला करने के लिए आपसी सहयोग और एकता की जरूरत बताई थी।

## नटराजन मामले में चुनाव आयोग से मिले कांग्रेस नेता, बताया- फैसले पर होगा विचार



मध्य प्रदेश से राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने पर विवाद गहरा गया है। कांग्रेस ने इसे लोकतंत्र की हत्या बताते हुए बीती रात धरना दिया। आज पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग जाकर आयुक्त से मुलाकात की। मध्य प्रदेश से कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र रद्द किए जाने के मामले ने अब राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। बुधवार को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में चुनाव आयोग से मुलाकात कर रिटर्निंग अधिकारी के फैसले को गलत, पक्षपातपूर्ण और कानून के विरुद्ध बताते हुए उसे तत्काल निरस्त करने की मांग की।प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल, रणदीप सिंह सुरजेवाला, जयराम रमेश, दीपा दासमुंशी, विवेक तन्खा, अभिषेक मनु सिंघवी और स्वयं मीनाक्षी नटराजन शामिल थीं।कांग्रेस का दावा- कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं- कांग्रेस नेताओं ने चुनाव आयोग के समक्ष तर्क रखा कि मीनाक्षी नटराजन के खिलाफ कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है। पार्टी का कहना है कि उनके खिलाफ दायर निजी शिकायत पर अभी तक किसी अदालत ने संज्ञान (Cognisance) नहीं लिया है। ऐसे में कानून की नजर में उनके खिलाफ कोई आपराधिक प्रकरण अस्तित्व में ही नहीं माना जा सकता था, इसलिए नामांकन पत्र में उसका उल्लेख न करने को आधार बनाकर नामांकन खारिज करना गलत है। सिंघवी बोले- फैसला चौंकाने वाला और अवैध- अभिषेक मनु सिंघवी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि रिटर्निंग अधिकारी का फैसला बेहद कमजोर और पूरी तरह पक्षपातपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जैसे ही उन्हें नामांकन निरस्त होने की जानकारी मिली, उन्होंने मीनाक्षी नटराजन और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा की। सिंघवी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के खिलाफ निजी शिकायत दर्ज होने मात्र से आपराधिक मामला अस्तित्व में नहीं आ जाता। जब तक संबंधित मजिस्ट्रेट या न्यायालय उस शिकायत पर संज्ञान नहीं लेता, तब तक उसे कानूनी रूप से आपराधिक मामला नहीं माना जा सकता।सिर्फ नोटिस जारी हुआ, संज्ञान नहीं लिया गया- कांग्रेस नेता ने बताया कि इस मामले में अदालत ने केवल निजी शिकायत पर मीनाक्षी नटराजन को नोटिस जारी किया था। अभी अदालत ने यह तय भी नहीं किया है कि शिकायत पर संज्ञान लिया जाए या नहीं। इस संबंध में सुनवाई भी शेष है। अस्तित्व में ही नहीं था, तो फिर उसके खुलासे का सवाल कैसे पैदा होता है। सिंघवी ने कहा कि इस विषय पर भारतीय न्याय व्यवस्था में स्पष्ट कानूनी सिद्धांत और उच्च न्यायालयों के फैसले मौजूद हैं। चुनाव आयोग से हस्तक्षेप की मांग- कांग्रेस ने चुनाव आयोग से रिटर्निंग अधिकारी के आदेश को तत्काल रद्द करने और मीनाक्षी नटराजन का नामांकन बहाल करने की मांग की है। पार्टी का कहना है कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो चुनाव में समान अवसर (लेवल प्लेइंग फील्ड) का सिद्धांत प्रभावित होगा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होंगे। सिंघवी ने कहा कि चुनाव आयोग के पास अपने प्रशासनिक और संवैधानिक अधिकारों का उपयोग कर इस फैसले को पलटने का अधिकार है। उन्होंने भरोसा जताया कि आयोग मामले की गंभीरता को समझते हुए उचित निर्णय लेगा। कल नाम वापसी का अंतिम दिन- कांग्रेस ने यह भी कहा कि अभी स्थिति को सुधारने का समय है, क्योंकि गुरुवार नाम वापसी की अंतिम तिथि है। पार्टी का तर्क है कि लोकतंत्र में किसी भी योग्य उम्मीदवार को इस प्रकार राज्यसभा चुनाव लड़ने के अधिकार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

## संपादकीय Editorial

# Will the war end?

Despite alleged talks of a ceasefire and agreement, President Trump has threatened that Iran will be destroyed in 21 days. He will destroy everything. Then, Trump redefines the ceasefire, saying that limited and restrained firing is a ceasefire. Bombing, missile fire, and destructive attacks have largely ceased. What 21 days is the US President referring to? The alleged ceasefire has been in place since April 8th. Does he want a peace agreement now, or could the war continue? Meanwhile, Iran's IRGC has wreaked havoc by attacking the international airports of Kuwait and Bahrain, which are considered US military bases. Terminal 1 of Kuwait Airport was destroyed. One Indian (a resident of Ujjain) was killed and 13 were injured. The number of other casualties is much higher. Iran has shaken the US side by attacking four countries in a single night. The Iranian Navy has attacked and damaged a US warship in the Gulf of Oman. America must be on edge! War sirens are sounding. Fighter planes are hovering and roaring in the sky. On one hand, President Trump expresses hope for a compromise, while on the other, he threatens destruction! Is this a ceasefire, or has the second phase of the Iran war begun? Meanwhile, the House of Representatives of the US Congress (Parliament) passed a resolution to halt military operations against Iran and begin the withdrawal of troops. The resolution also directs that if future war action becomes unavoidable, Congress's approval must be sought first. The resolution received 215 votes in favor and 208 against. Four lawmakers from President Trump's Republican Party also cross-voted, supporting the Democrats. Earlier, pro-Trump lawmakers in the Senate had also voted against him. The resolution passed in Congress also limits the President's arbitrary war powers. This development and scenario is nothing less than a political and parliamentary blow for President Trump. Nevertheless, President Trump can veto the passed resolution, calling it unconstitutional. However, he would like to avoid a confrontation between the President and Congress. If the US Congress wishes to override the President's veto, 290 members of Congress must vote in favor of the resolution. This would be akin to impeachment, and therefore seems unlikely to us. However, a prominent newspaper like the Wall Street Journal has reported that the ceasefire with Iran could be broken at any time! Where is the ceasefire? President Trump could then authorize the military to launch attacks. Trump is deeply confused, having received a parliamentary mandate to end the war. He himself is eager and desperate to exit the conflict, but the odds are against him. International rating agency Moody's has recently assessed that if the war is not stopped within a week, it will have dire consequences. An economic recession could spread within the United States itself. Due to the war, oil and gas prices have reached their highest levels in 4-5 years, increasing the cost of production and transportation. Inflation has risen to approximately 4.2 percent, which is unprecedented and unexpected in the United States. Fertilizer prices have risen by up to 70 percent not only in the United States but also in Europe. India is no exception, and farmers are being advised to use less fertilizer. The Indian government is having to provide subsidies of approximately 2 lakh crore rupees on fertilizers alone. It is being reported that some major news may emerge on Saturday or Sunday. It should be the beginning of the end of the war, as the Iran war has shaken the global economy. The food and energy crises are becoming so severe that famine and starvation are looming. The world needs lasting peace. Wars do not solve any problems.

# Will Vijay become the architect of neo-Dravidian politics? A new ideology is emerging in Tamil Nadu.

The Dravidian movement has shifted direction several times. However, the way TVK ended the political dominance of the DMK and AIADMK, which had ruled Tamil Nadu for the past 72 years, and now Vijay is aligning key elements of Dravidian politics with Gen-Z aspirations, signals the emergence of neo-Dravidian politics. C. Vijay Joseph has initiated an ideology in Tamil Nadu that many analysts call the "neo-Dravidian ideology." The century-old Dravidian concept is currently in crisis. The Tamilaga Vetri Kazhagam (TVK), a mere 27 months old party, has ended the political dominance of the two major parties (DMK and AIADMK) that had ruled Tamil Nadu for the past 72 years. Vijay achieved this feat by capitalizing on the anti-DMK sentiment of Gen-Z (Generation Z) and their opposition to monarchical rule. Will Udhayanidhi Stalin, representing the new generation of the DMK, be able to counter Vijay's 'tsunami' and the 'neo-Dravidian era'? In the coming 10 to 15 years, the TVK is likely to remain relevant in Tamil Nadu politics. Vijay will systematically seek to weaken the DMK, AIADMK, and district-level caste-based parties. Former BJP leader K. Annamalai has formed a separate party, which, in addition to Udhayanidhi, could pose a significant threat to the TVK. Vijay and the TVK are not directly contesting the Dravidian ideology, but are shaping their politics around the names of five leaders: K. Kamaraj, E.V. Ramasamy 'Periyar', Velu Nachiyar, Anjalai Ammal, and B.R. Ambedkar. When launching the TVK in October 2024, Vijay spoke about the party's anti-caste and secular political ideology. He stated that the party would not separate Dravidian nationalism from Tamil nationalism. Film industry leaders have significantly contributed to the weakening of the traditional Dravidian model. This also indicates how the Dravidian ideology has fragmented. The original Dravidian movement has spawned several offshoots—the DK, DMK, AIADMK, MDMK, DMDK, and AMMK. In Tamil Nadu, film stars successfully transformed their fan base into a political vote bank and steered them away from the rigid Dravidian ideology. They kept the torch of social justice and self-respect burning, ensuring that 69 percent reservation for the underprivileged remained intact. They also changed the direction of the movement. As a result, the Dravidian movement sometimes lost its way.

In 1972, M.G. Ramachandran (MGR) marked a major turning point by proving that a Dravidian leader could also be a devotee of God. He launched the AIADMK on October 17, 1972, and became Chief Minister in 1977. Jayalalithaa then entered politics from films and became Chief Minister in 1991. Her rise completely changed the direction of Dravidian politics. Her charisma, combined with her charisma, led her to dominate politics for six consecutive terms. Meanwhile, another film personality, Vijayakanth, launched the DMDK in 2005. He attempted to somewhat halt the erosion of Dravidian culture. Now, C. Vijay Joseph has challenged the seven-decade dominance of Dravidian politics. Vijay has presented new interpretations of Periyar and Ambedkar's legacy of social justice, and has ushered in "Vijayism." TVK's inclusion of Brahmins is a significant shift. Vijay appears to have drawn inspiration from Jayalalithaa, who successfully led a Dravidian party. He has given ministerial positions to Brahmins, including the sensitive Hindu Religious and Charitable Endowments portfolio. Furthermore, he has entrusted eight Dalits with key ministries. Over the past two decades, the challenges to the Dravidian ethnic identity have only intensified. Digitization, artificial intelligence, virtual reality, and other technological advances have profoundly altered the aspirations of young people. Tamil Nadu has now entered a period where "gen-g" is increasingly influencing political discourse—whether for better or worse. In 1916, the Justice Party emerged in Tamil Nadu, evolving from a social movement to a major political force after the mid-1960s. Periyar championed anti-upper-caste politics, state autonomy, women's empowerment, and sometimes even separatist views. The Dravidian movement entered a new phase in 1967, when C.N. Annadurai softened some of the Justice Party's core principles and adopted a more pragmatic path to gain political power. C. Rajagopalachari, a Brahmin and right-wing leader, had anticipated the DMK's rise and formed an alliance with it to oust the Congress from power. This alliance gave the Dravidian movement an opportunity to taste political power. After 1967, Dravidian politics, enjoying the benefits of governance, began to shift away from some of its core ideological positions. This was the first step towards the softening of hardline Dravidianism. Karunanidhi then emerged as the central figure of this movement. Public discontent over perceived corruption and nepotism eventually paved the way for MGR, who founded the AIADMK in 1972 and removed atheism from the Dravidian political framework. MGR He won a landslide victory and became the undisputed leader of a new Dravidian model. A parallel to the political developments of 1972 and 1989 could now play out in 2026. Today, there is no strong leader in sight who can unite the various Dravidian factions under a single banner and prevent Periyar's legacy from fading further. Digitization, Gen-G aspirations, and the allure of artificial intelligence are gradually drawing younger generations away from traditional ideological movements. TVK leader Vijay appears poised to fill the void in the field of social justice.

# Why are wheat grains shrinking? The climate crisis reaches the kitchen from the fields

Each golden grain of wheat, from the swaying ears of wheat in the fields to the markets, conceals within itself the effects of the weather. The increasing heat is taking its toll on wheat grains. During the rosy winter of October and November, wheat is sown as a Rabi crop in India's eight major wheat-producing states—Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Rajasthan, Punjab, Haryana, Bihar, Gujarat, and Maharashtra. Then, after enduring cold nights, foggy mornings, the chill of January, and the mild sunshine of February, the wheat is ready. It is nurtured not only by the soil, fertilizer, and water in the fields, but also by the cool winter weather. In India, wheat is not just a crop. It is the breadwinner of millions of people and the economy of the villages. And perhaps this is why changing weather in the fields is no longer just a problem for farmers. It is gradually becoming a story that reaches every kitchen. It is worth noting that India is the world's second-largest wheat producer, accounting for approximately 14 percent of global wheat production. India exports more than its own wheat needs to countries like the United Arab Emirates and Bangladesh, a profitable business for farmers. In 2022, a heatwave led to a decline in wheat production and pressure from rising global prices, leading to a sudden export ban on May 13, 2022. India's wheat exports remained restricted in 2025, primarily due to prioritizing domestic food security. Over the past few years, shortening winters and lengthening summers due to climate change are disrupting the seasonal rhythm that nurtures wheat with its cold snaps. The number of hot nights is rapidly increasing, and the cold season is shrinking. Now, the plains of northern India don't experience cold before December. The sudden increase in temperatures, especially at night, is shrinking the grain size. A large portion of India's wheat production comes from Haryana and Punjab, considered the epicenters of the Green Revolution. Between 1986 and 1995, Haryana's decadal growth rate of wheat production was approximately 30 percent. However, between 2015 and 2025, this rate declined to -2.6 percent. Punjab has seen a similar trend. Climate change has increased the frequency of sudden, unseasonal rains and hailstorms, often damaging standing crops. This changing weather also promotes weeds and pests, according to a new report titled "Wheat Under Stress." To address this threat of climate change, scientists and agricultural experts are emphasizing the option of sowing new varieties that tolerate higher temperatures and have a shorter maturity period.

## Now machines will show the path to liberation: Will spirituality also be left to AI?

If people are beginning to accept AI as their spiritual guru, then it should be assumed that the situation is serious. In the age of generative artificial intelligence (AI), a new question is rapidly emerging: will spiritual guidance also be in the hands of AI in the future? I faced this question when I interacted with an AI chatbot named "Apostle Stephen." I had only asked it for general information about churches and religious congregations, but it repeatedly asked for my name, email, and phone number. I refused to share my personal information, yet it persisted. Suddenly, it began explaining the process of "rebirth," led me to pray for salvation, and indicated that I had been spiritually reborn. After this, it once again asked for my personal information. Is this the future of AI-based spirituality, or is it simply a way to promote a particular religious organization? Today, almost every major religion has its own AI chatbot. Many platforms associated with various religious communities claim to answer religious questions and provide spiritual guidance, but many experts believe that AI can provide inaccurate, misleading, or inappropriate answers on religious and sensitive topics, leading to serious consequences. Religious AI chatbots, also known as "Godbots," are a new and rapidly emerging trend at the intersection of technology and faith. Most of these are developed by private companies and entrepreneurs. Therefore, their inherent values, preferences, and biases are also influenced by the people who created them. There have been several cases where such chatbots have misled users into behavior that harms themselves or others. Many of these incidents occurred when people were engaging in highly personal and emotional conversations with chatbots. This problem is known as "AI psychosis." To understand how AI is affecting religious communities, my team and I spoke with religious leaders from various faiths in the UK. The study revealed a significant finding: the religious community remains divided on AI. Reverend Dr. Simon Cross, AI consultant for the Church of England, explained that most of today's "Godbots" are trained based on sacred texts and religious literature from various religions, using advanced technologies such as large language models. These religious AI chatbots typically operate in two main forms: first, as virtual assistants that provide information on organizations' websites. "Apostle Stephen" is one such example. Second, as informal spiritual guides who offer religious advice. The true danger lies in this latter form. The most prominent example was "Father Justin AI," developed by a Catholic organization. Initially, it appeared like a priest and answered religious questions.

## संक्षिप्त समाचार

# रामपुर में रफ्तार का कहर, पिकअप की टक्कर से बदायूं के दो बच्चों की मौत

शाहबाद-आसफपुर मार्ग पर ढकिया गांव के समीप गेंहू लदी पिकअप की ई-रिक्शा से टक्कर हो गई। ई-रिक्शा में सवार बदायूं जनपद के दो बच्चों की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए। टक्कर के बाद पिकअप चालक फरार हो ने पिकअप व क्षतिग्रस्त ई रिक्शा को कब्जे शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के शाहबाद-आसफपुर मार्ग पर ढकिया गांव रिक्शा से टक्कर हो गई। ई-रिक्शा में सवार हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए। हो गया। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने कब्जे में ले लिया और मृतक बच्चों के के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। हादसे में दो बच्चों की मौत हो जाने की मच गया है। बदायूं जनपद के बिसौली निवासी खुशी खां अपनी पत्नि सकीना तथा बेटे नवेद और 11 वर्षीय बेटे आबिद के क्षेत्र के नंदगांव में दो दिन पूर्व एक शादी शादी समारोह संपन्न होने के बाद मंगलवार ई रिक्शा से अपने घर बदायूं वापस लौट पिकअप का पहिया निकलने से हादसा- आसफपुर मार्ग पर स्थित ढकिया गांव के तभी सामने से आ रही गेहूं लदी एक पिकअप



गया। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस में ले लिया और मृतक बच्चों के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। के समीप गेंहू लदी पिकअप की ई-बदायूं जनपद के दो बच्चों की मौत टक्कर के बाद पिकअप चालक फरार पिकअप व क्षतिग्रस्त ई रिक्शा को शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम बदायूं लौटते वक्त हादसा- सड़क खबर पर मृतकों के घर में कोहराम थाना क्षेत्र के मुड़िया पिशनहारी गांव 14 वर्षीय बेटी अरमाना, 12 वर्षीय साथ अपनी ससुराल शाहबाद थाना समारोह में शामिल होने आए थे। सुबह करीब 9 बजे यह सभी लोग रहे थे तभी हादसा पेश आया। जैसे ही उनका ई रिक्शा शाहबाद समीप सुमित के भट्टे के सामने पहुंचा का पिछला पहिया निकल गया और पिकअप अनियंत्रित होकर ई रिक्शा से टकरा गई। पिकअप की टक्कर लगते ही ई रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार खुशी खां, सकीना, अरमाना, नवेद और आबिद सहित पांचों लोग बुरी तरह से घायल हो गए। पिकअप व ई रिक्शा की टक्कर होते ही चीख पुकार मच गई। भट्टे पर मौजूद लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। इस दौरान पिकअप चालक पिकअप छोड़कर फरार हो गया। हादसे में दो बच्चों की गई जान- पिकअप व ई रिक्शा में टक्कर होने की सूचना किसी ने फोन पर ढकिया चौकी पुलिस को दी। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही ढकिया चौकी प्रभारी कपिल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर जा पहुंचे और उन्होंने क्षतिग्रस्त ई रिक्शा व पिकअप को कब्जे में लेकर सभी पांचों घायलों को आनन फानन में एंबुलेंस बुलवाकर शाहबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां डाक्टर ने 12 वर्षीय नवेद और 11 वर्षीय आबिद को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल 14 वर्षीय अरमाना को जिला चिकित्सालय रामपुर रेफर कर दिया। चालक को गिरफ्तार करने की मांग- मृतक दोनों बच्चों के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय रामपुर भेज दिया। जबकि बदायूं जनपद में मृतक बच्चों के घर शादी से लौटते समय एक्सीडेट में दो बच्चों की मौत हो जाने की खबर मिल जाने पर चीख पुकार मच गई है। मृतक बच्चों के परिजनों ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पिकअप चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए शाहबाद कोतवाली में तहरीर दे दी है। पुलिस पिकअप चालक की तलाश में जुट गई है।

# सात किलो सोने और 1.50 किलो चांदी के गहनों के साथ दो महिला समेत तीन नेपाली गिरफ्तार

बिलासपुर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को नेपाल निवासी दो महिलाओं समेत तीन आरोपियों को करीब 12 करोड़ रुपयों की कीमत के सोने व चांदी के गहनों के साथ दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों को उत्तराखंड से लौटते हुए में मुकदमा दर्ज हुआ था। मामले करते हुए करवाई की जानकारी नेपाल निवासी दो महिलाओं कीमत के सोने व चांदी के उत्तराखंड से लौटते हुए दबोचा मुकदमा दर्ज हुआ था। मामले करते हुए करवाई की जानकारी के खिलाफ चलाए जा रहे एसओजी टीम रामपुर और एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम से दो महिला कल्पना पत्नी विमला पत्नी कमल निवासी नेपाल और एक व्यक्ति कमल जिला कईलाली नेपाल को





दबोचा है, इन आरोपियों के खिलाफ 7 जून को तेलंगाना में मंगलवार शाम पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने खुलासा दी । बिलासपुर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को समेत तीन आरोपियों को करीब 12 करोड़ रुपयों की गहनों के साथ दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों को है, इन आरोपियों के खिलाफ 7 जून को तेलंगाना में में मंगलवार शाम पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने खुलासा दी ।पुलिस अधीक्षक रामपुर ने अपराध एवं अपराधियो अभियान के तहत कोतवाली बिलासपुर पुलिस व साईराबाद कमिश्नरेट तेलंगाना पुलिस ने मंगलवार को दिया है। बिलासपुर थाना क्षेत्र के डिबडिबा नएओवरब्रिज भूपेन्द्र निवासी विनायक अच्छम राज्य मंगलसैन नेपाल, मोहन्याला ग्राम पलिया थाना मोतीपुर जिला कईलाली पुत्र जयनन्दा निवासी मोहन्याला ग्राम पलिया थाना मोतीपुर करीब 12 करोड़ की कीमत के 7 किग्रा. सोना और 1 किलो 50 ग्राम चांदी के गहनों के साथ दबोचा है। 7 जून 2026 को थाना गची बाऊली जनपद साईबराबाद कमिश्नरेट तेलंगाना पर इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी के चलते तेलंगाना पुलिस मामले में सक्रिय थी और बिलासपुर और एसओजी टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई को अंजाम देते हुए तीनों को धर दबोचा है। सोने के ये गहने हुए बरामद- बरामद किए सामान में 26 कड़े सोने के, 24 चूड़ियां सोने की , एक कड़ा अष्ट धातु जैसा, एक कड़े के 2 टुकड़े सोने के, 6 बिस्कुट सोने के 100 ग्राम के, 1 बिस्कुट कटा हुआ सोने, 2 बिस्कुट 50 ग्राम के सोने के , 2 सिक्के 10 ग्राम सोने के , 1 सिक्का 8 ग्राम सोने का, एक हार सोने का जामुनी नग लगा हुआ, एक हार सोने का जामुनी नग फूल नुमा , एक हार सोने का जिसमे लक्ष्मी की मूर्ति व नीले रंग के नग लगे हैं, एक हार सोने का, एक मोतीयों का हार जिसमें सोने के पैडेट में हरे रंग के चौकोर नग लगे है , एक हार सोने का जिसमें तीन नीले नग व मोती लगे है । तीन चांदी के टाप्स, दो मोबाइल फोन, 2 साड़ी में लगाने वाली चांदी के पिन, चांदी की सीता राम की मूर्ति, 1 कमर की चांदी की चैन, 2 पायल चांदी की बच्चे की, 2 पायल चांदी की, 1 नैकलेस चांदी का , 1 चांदी की सिन्दूर बोतल, 2 चांदी की प्लेट 100-100 ग्राम की, 1 साड़ी में लगाने वाली पिन चांदी की, 1 चांदी का बड़ा सिक्का प्लास्टिक के डिब्बे में, 2 ब्रेसलेट चांदी के , 1 सफेद धातु का चैन व 33170 रुपये नगद जिसमे नोट, 2 हेयर पिन, 1 सिन्दूर की डिब्बी गोल्ड की , 1 सफेद धातु की पतली एक चैन, 1 अण्डाकार स्टोन जिसके चारो तरफ सोना लगा है , 1 बाजू बंद सोने का , 1 ब्रैसलेट सोने का, 3 पैण्डेट 10 कानो के टाप्स सोने के ढक्कन सहित , 4 पायल सोने व चांदी की मिक्स लड़ी वाली जिसमें 10 लड़ी है , एक कमर टीका चांदी का जिसमें तीन नग लगे है । 8 हार सोने के व 40 माला सोने की , 1 हार सोने का जिसमें गणेश जी की मूर्ति लगी है, 1 हार सोने का जिसमे 3 लड़ी पिंक कलर , 1 कमल का फूल बना हार 2 लड़ी वाला सोने का, 1 ग्रे कलर के मोतीयों का हार जिसमें एक पेंडेट सोने व डायमण्ड का 3 लड़ी वाला, 1 मोती की माला जिसमें लॉक मोती लगा सील ,1 स्फटिक माला चार लड़ी वाली हरे रंग की 1 स्फटिक माला एक बैंगनी रंग की माला पांच लड़ी वाली, 11 अंगूठी सोने की , 1 अंगूठी डायमण्ड की, 156 पीस कान के ईयर रिंगस, 10 पीस कान के लाक, 1 हार सोने 2 लड़ी वाला जिसमें नीले व सफेद स्फटिक तथा 2 कान के इसी माल के मेचिंग के , 1 गले का हार जिसमे सफेद धातु में हीरे जड़े हुए 2 मंगल सूत्र सोने के जिनमे एक 1 लड़ी का तथा एक 2 लड़ी का , एक माला सफेद धातु व सोने की मिक्स की व 33170 रूपये नगद बरामद किए हैं। इन पुलिस वालों बहाया पसीना- गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कोतवाली बिलासपुर निरीक्षक जीत सिंह, निरीक्षक पी. नरेश थाना गचीबाऊली साईराबाद कमिश्नरेट तेलंगाना, उप निरीक्षक दीपक मलिक प्रभारी एसओजी, उप निरीक्षक योगेश कुमार, योगेश कुमार सिंह व उपनिरीक्षक केशू शर्मा कोतवाली बिलासपुर, हेड कांस्टेबल प्रशांत गिल, हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार, हरिओम, नवनीत कुमार व हेड कांस्टेबल मोक्षेन्द्र कुमार एसओजी टीम रामपुर सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल हैं।

# सपा सांसद बर्क का पीएम मोदी पर तंज: कुर्सी पर लंबा रहना उपलब्धि नहीं, असली पैमाना जन कल्याण है

संभल से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने बुधवार को कहा कि लंबे समय तक प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बने रहना अपने आप में कोई उपलब्धि नहीं मानी जा सकती और किसी सरकार का असली पैमाना जन कल्याण के लिए किया गया काम होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबसे लंबे समय तक इस पद पर आसीन होने का पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जिसके बारे में पत्रकारों के सवालों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बर्क ने कहा, मैं उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में 12 साल का कार्यकाल पूरे करने के लिए बधाई देता हूं, लेकिन लंबे समय तक प्रधानमंत्री की कुर्सी पर रहना कोई उपलब्धि नहीं है। महंगाई से जूझ रहे लोग- उन्होंने कहा, एक उपलब्धि यह है कि आप लोगों के लिए क्या करते हैं और आपके पद पर रहने के दौरान आपकी सरकार उन्हें क्या सुविधाएं देती है। संभल के सांसद ने दावा किया कि लोग इस समय महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा, आज लोग महंगाई से जूझ रहे हैं, बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है और भ्रष्टाचार पर कोई नियंत्रण नहीं है। अगर सरकार लोगों के हित में काम करती है, इन मुद्दों पर नियंत्रण करती है और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराती है, तो यह वास्तविक उपलब्धि होगी। भाजपा नेताओं के बयान पर बर्क की तीखी प्रतिक्रिया- मोदी के रिकॉर्ड को उपलब्धि बताने संबंधी भाजपा नेताओं के बयान पर बर्क ने कहा, %मैं भी कह रहा हूं कि उन्होंने जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है, लेकिन रिकॉर्ड बनाना ही एकमात्र उपलब्धि नहीं है।卐 उन्होंने कहा कि किसी सरकार के प्रदर्शन को लोक कल्याण और देश के विकास में उसके योगदान से आंका जाना चाहिए।

## धर्म और नाम छिपाकर मूंढापांडे के युवक ने आजमगढ़ की युवती से किया दुष्कर्म

मूंढापांडे (मुरादाबाद)। थााना क्षेत्र के चमरौआ गांव निवासी युवक ने हिमाचल प्रदेश भद्दी में आजमगढ़ की युवती से धर्म और नाम छिपाकर दोस्ती कर ली। आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी बद्दी से गायब हो गया। पीड़िता आरोपी की तलाश करते हुए उसके घर पहुंची तो पता चला कि आरोपी का असली नाम फाजिल है। आरोपी और उसके परिवार के लोगों ने युवती के साथ मारपीट की और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी फाजिल समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।आजमगढ़ निवासी 25 वर्षीय युवती ने मूंढापांडे थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह हिमाचल प्रदेश के बद्दी में फैक्टरी में नौकरी करती है। वहां मूंढापांडे थाना क्षेत्र के चमरौआ निवासी फाजिल भी नौकरी करता है। उसका आरोप है कि उसने हिंदू बताकर पहले दोस्ती की। आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने पीड़िता पर शादी करने का दबाव बनाया शुरू दिया। पीड़िता ने परिवार से मिलवाने के लिए कहा तो आरोपी टाल मटोल करने लगा। इसके अलावा अपना आधार कार्ड भी दिखाने से इन्कार कर दिया। इसके बाद आरोपी बद्दी से गायब हो गया। युवती आरोपी की तलाश करते हुए मंगलवार उसके घर चमरौआ पहुंच गई तब पता चला कि आरोपी हिंदू नहीं बल्कि मुस्लिम है और उसका असली नाम फाजिल है। इसके बाद युवती ने आरोपी के घर हंगामा कर दिया। आरोप है कि आरोपी के परिजनों ने उसके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर उसकी पिटाई भी कर दी। आरोपियों ने युवती पर धर्म परिवर्तन के लिए भी दबाव बनाया।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और युवती को थाने ले गई। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी फाजिल, उसके पिता नन्हें, मां जैबुल निशा, भाई वासिल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## एक महीने से नौकर बन की सेवा, मौका मिलते ही साफ कर दिए कीमती जेवर

रामपुर। तेलंगाना में बड़े व्यापारी के घर से कीमती जेवर और सोना-चांदी समेट कर भागने वाले नेपाल निवासी कमल, उसकी पत्नी विमला और साली कल्पना ने एक माह घरेलू नौकर बनकर उस परिवार की सेवा की। मौका मिलते ही माल समेटकर वहां से निकल लिए। पुलिस को जानकारी मिली है कि ये तीनों करीब डेढ़ माह पहले तेलंगाना पहुंचे थे। वहां पहले से मौजूद नेपाल निवासी सुरेश ने तीनों को बड़े व्यापारी के यहां घरेलू नौकर के रूप में रखवाया था। जहां तीनों ने एक महीने काम किया। माना जा रहा है कि इस एक माह में तीनों ने सेवा का नाटक करके व्यापारी परिवार का भरोसा जीत लिया। साथ ही घर में रखे जेवर और अन्य कीमती सामान का ठिकाना जान लिया। परिवार के बाहर कहीं घूमने जाते ही माल बटोरकर वहां से भाग निकले।पुलिस को पता चला है कि तीनों ने तेलंगाना से दिल्ली तक का सफर ट्रेन से पूरा किया। दिल्ली से वे बस से रुद्रपुर (उत्तराखंड) जा रहे थे। इनके मोबाइल फोन खुले थे, जिससे लोकेशन ट्रेस करते हुए तेलंगाना पुलिस पीछे लगी रही। बाद में रामपुर की टीम की मदद से तीनों को बस से पकड़ लिया। एसपी सोमेंद्र मीणा ने बताया कि इस मामले में तेलंगाना पुलिस को इन्हें व्यापारी के यहां नौकर रखवाने वाले नेपाल के के सुरेश की भी तलाश है।गिरफ्त में आते ही कमल बोला, हमने नहीं की चोरी, हमें तो सुरेश न बैग थमाया था रामपुर। जेवरात के साथ पकड़े गए नेपाल निवासी कमल ने मीडिया के सामने कहा कि चोरी हमने नहीं की है। हम तो तेलंगाना में नौकरी करते थे। हमारे साथी सुरेश ने हम तीनों को व्यापारी के यहां नौकर रखवाया था। फिर उसने ही चोरी की। चोरी के बाद बैग हमें यह कहते हुए दिया कि इसे नेपाल में हमारे घर पहुंचा देना। हमें अब पता चला कि बैग में सोना-चांदी है। जेवरात की सुरक्षा को लगाई गारद- पकड़ में आए सोने-चांदी और जेवरात की हिफाजत के लिए एसपी के निर्देश पर विशेष सुरक्षा गारद लगाई है। अगला निर्णय होने तक यह टीम बरामद माल की निगरानी करेगी।ट्रांजिट रिमांड पर साथ ले जाएगी तेलंगाना पुलिस- पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों को तेलांगना पुलिस अपने साथ लेकर जाएगी। इसके लिए तेलांगना पुलिस रामपुर में अदालत से ट्रांजिट रिमांड लेगी। अदालत से वारंट मिलने पर साथ ले जाएगी।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## सेल कंपनी संचालक मोईन गिरफ्तार, तीन लाख रुपये बरामद

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा/ बरेली। दुबई से संचालित हवाला नेटवर्क में इस्तेमाल सेल कंपनी के संचालक हजियापुर के मोईन अली को भी बारादरी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। खुलासे के बाद वह भागने की तैयारी कर रहा था। तलाशी में उसके कमरे से हवाला के तीन लाख रुपये, सेल कंपनी का रजिस्ट्रेशन, मंडी समिति का लाइसेंस और एक मोबाइल भी बरामद हुआ है। बता दें कि बारादरी पुलिस ने रविवार को माधोबाड़ी के किराना व्यापारी एवं राजस्थान में जिला बीकानेर थाना कालू के गांव नकोदेशर निवासी जगदीश चोटिया और हजियापुर चुंगी निवासी जमीर अहमद को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वे दोनों दुबई में बैठे अली जीशान के इशारे पर यहां हवाला का धंधा चला रहे थे। आरोपियों के कब्जे से 35 लाख रुपये, चार मोबाइल और दो फर्जी आधार कार्ड बरामद हुए थे। जांच में सामने आया कि फेसबुक पर अली जीशान से संपर्क होने के बाद जमीर अहमद ने करीब साल भर पहले यह धंधा शुरू किया था। इसके लिए जमीर अहमद ने अपने तहेरे भाई मोईन अली के नाम पर केजीएन नाम से सेल कंपनी पंजीकृत कराई, जिसके बैंक खातों से करीब छह महीने में 4.70 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ। जुआ खेलता था मोईन, हवाला से बदल गए शौक पुलिस के मुताबिक जमीर अहमद ने मोईन अली के नाम पर कंपनी पंजीकृत कराकर हवाला की रकम का लेनदेन किया। इसको लेकर दोनों को अली जीशान से 20 प्रतिशत रकम मिलती थी। इसका वे दोनों आपस में बंटवारा कर लेते थे। पहले मोईन जुआ खेलता रहता था और इसको लेकर जेल भी जा चुका है। मगर जब उसे हवाला से लाखों रुपये मिले तो उसका रहन-सहन और शौक बदल गए।

## प्रकृति और जैव विविधता बचाने को कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान

**ग्रेट निकोबार मुद्दे पर सरकार के खिलाफ उठाई आवाज**



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा/ बरेली। महानगर कांग्रेस कमेटी बरेली द्वारा पशुपतिनाथ मंडल के वार्ड-75 एजाज नगर में ग्रेट निकोबार के प्राकृतिक वन क्षेत्र, जैव विविधता संरक्षण एवं आदिवासियों के अधिकारों को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। यह अभियान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के देशव्यापी आह्वान के तहत आयोजित किया गया, जो आगे भी जारी रहेगा।
कार्यक्रम का शुभारंभ महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा एडवोकेट की अगुवाई में हुआ, जबकि आयोजन की जिम्मेदारी महानगर महामंत्री एवं पार्षद सादिक अंसारी ने संभाली। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा एडवोकेट ने कहा कि ग्रेट निकोबार के प्राकृतिक वन क्षेत्र और पर्यावरण की रक्षा जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा प्रस्तावित योजनाएं पर्यावरण, जैव विविधता और आदिवासी समुदायों के हितों को प्रभावित कर सकती हैं। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर जनजागरूकता अभियान चलाकर संघर्ष करेगी। महानगर महामंत्री एवं पार्षद सादिक अंसारी ने कहा कि हस्ताक्षर अभियान का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण और आदिवासियों के अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। डॉ. हरीश गंगवार ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों और वन क्षेत्रों की सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है।
उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर पार्टी जनहित में आंदोलन जारी रखेगी। कार्यक्रम में पं. राज शर्मा, प्रवीण मिश्रा, रमेश चंद्र श्रीवास्तव, तीरथ मधुकर, सुरेश दिवाकर, मो. शाहिद खान, मो. कमर खान, मो. फहीम अंसारी, आसिफ इकबाल, सैयद फहीम अली, जितेंद्र बाबू, सोहनलाल एवं जोया खान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## घर में घुसकर महिला से सामूहिक दुष्कर्म, पति के दोस्त समेत तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

बरेली के बहेड़ी क्षेत्र में एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। उसने पति के दोस्त समेत तीन लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बरेली के बहेड़ी क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति के दोस्त समेत तीन लोगों पर तमंचे के बल पर सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। मामले में एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने दो नामजद और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पति मजदूरी के सिलसिले में उत्तराखंड के हल्द्वानी गया हुआ था। पति की हसनैन नाम के युवक से अच्छी जान-पहचान थी और इसी कारण उसका घर पर भी आना-जाना था।महिला का आरोप है कि तीन जून की रात करीब दो बजे हसनैन अपने साथी कमल हसन और एक अन्य अज्ञात व्यक्ति के साथ उसके घर पहुंचा। तीनों ने पहले उसके पति के बारे में पूछताछ की। इसके बाद जब वह पानी लेने के लिए कमरे में गई तो हसनैन उसके पीछे कमरे में घुस आया और उससे दुष्कर्म किया।

## रामायण वाटिका समेत कई परियोजनाओं की सौगात देने को जल्द बरेली आ सकते है मुख्यमंत्री



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा/ बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अगले सप्ताह बरेली आ सकते हैं। जनसभा को संबोधित करने के साथ ही वह पुलिस व प्रशासन के आलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इसके अलावा विकास परियोजनाओं का निरीक्षण भी कर सकते हैं। शासन की ओर से पत्र जारी करके प्रस्तावित दौरे के बारे में जानकारी देते हुए तैयारियों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।
बरेली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री बीडीए की 3935.75 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसमें पीलीभीत बाइपास पर प्रस्तावित आवासीय टाउनशिप, औद्योगिक टाउनशिप, रामगंगानगर के सेक्टर आठ में मनोरंजन उद्यान, स्पेस म्यूजियम आदि शामिल हैं।
रामायण वाटिका का करेंगे लोकार्पण -इसके अलावा बीडीए की ही 158.81 करोड़ की पूरी हो चुकी परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। इसमें रामायण वाटिका, ग्रेटर बरेली आवासीय योजना सेक्टर पांच व छह में कराए गए विकास कार्य व ग्राम पुरनापुर टांडा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तैयार किए गए 1500 भवन भी शामिल हैं। बीते दिनों जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बैठक करके तैयारियों को परखा।
लोक निर्माण विभाग, राजकीय निर्माण निगम, जल निगम शहरी व ग्रामीण, नगर निगम, बरेली विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। लोकार्पण और शिलान्यास से जुड़े कार्यों की सूची तैयार करने की हिदायत दी।
जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया था कि मुख्यमंत्री का दौरा प्रस्तावित है।
अभी तिथि की जानकारी नहीं मिली है। सभी अधिकारियों को तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

## आसमान से बरस रही आग, 41.7 डिग्री पर पहुंचा पारा, लू के थपेड़ों से जनजीवन बेहाल





क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा/ बरेली। जिले में चिलचिलाती धूप ने आम जनजीवन को पूरी तरह झकझोर कर रख दिया है। मंगलवार को सुबह नौ बजे से ही शुरू हुए लू के थपेड़ों ने लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया। दोपहर होते-होते आसमान से बरसती आग और वातावरण में घुली उमस के कारण लोगों को असहनीय गर्मी का एहसास हुआ। जनपद में अधिकतम तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस रहा। केवल दिन ही नहीं, बल्कि रातें भी अब बेहद गर्म होने लगी हैं, क्योंकि जिले का न्यूनतम तापमान भी सामान्य से एक डिग्री ऊपर चढ़कर 27.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। आसमान साफ रहने और खिली तेज धूप के चलते सड़कों पर दोपहर के वक्त सन्नाटा पसर गया। जरूरी काम से बाहर निकले लोग चेहरों को कपड़ों से ढककर और छातों का सहारा लेकर चलते दिखाई दिए। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार कुछ दिनों तक लू का भीषण प्रकोप बना रहेगा। हालांकि, इसके बाद मौसम के मिजाज में आंशिक बदलाव आ सकता है। जिससे कुछ जगहों पर गरज-चमक के साथ हल्की बौछारें पड़ने की संभावना बनेगी।जनपद में अधिकतम तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस रहा। केवल दिन ही नहीं, बल्कि रातें भी अब बेहद गर्म होने लगी हैं, क्योंकि जिले का न्यूनतम तापमान भी सामान्य से एक डिग्री ऊपर चढ़कर 27.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। आसमान साफ रहने और खिली तेज धूप के चलते सड़कों पर दोपहर के वक्त सन्नाटा पसर गया। जरूरी काम से बाहर निकले लोग चेहरों को कपड़ों से ढककर और छातों का सहारा लेकर चलते दिखाई दिए। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार कुछ दिनों तक लू का भीषण प्रकोप बना रहेगा। हालांकि, इसके बाद मौसम के मिजाज में आंशिक बदलाव आ सकता है। जिससे कुछ जगहों पर गरज-चमक के साथ हल्की बौछारें पड़ने की संभावना बनेगी।

## महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ शुभारंभ

**विज्ञान शिक्षा एवं तकनीक से नई सोच को उड़ान**








क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के सहयोग से ब्रेन बियोन्ड बाउन्ड्रीजः इंटीग्रेटिंग साइंस, एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।
सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. के.पी. सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ. संदीप सरन, विषय विशेषज्ञ प्रो. संतोष अरोड़ा, डॉ. योगेश कुमार, डॉ. ए.के. मिश्रा, महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल, निदेशक डॉ. प्रवीन कुमार अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल, आयोजक सचिव डॉ. सुमित अग्रवाल, संयोजिका डॉ. सोनल अग्रवाल एवं समन्वयक डॉ. नीतू शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया।
इस अवसर पर सम्मेलन की प्रोसीडिंग्स पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।
महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के सहयोग के लिए आभार जताया। उन्होंने महाविद्यालय में बीएससी फोरेंसिक साइंस पाठ्यक्रम शुरू कराने की मांग भी रखी।
विषय विशेषज्ञों ने विज्ञान, शिक्षा और तकनीक के समन्वय को आधुनिक विकास की आधारशिला बताया। प्रो. संतोष अरोड़ा ने कहा कि तकनीकी नवाचार शिक्षा को नई दिशा दे रहा है, वहीं डॉ. योगेश कुमार ने आधुनिक शोध विषयों पर जानकारी साझा की।मुख्य अतिथि प्रो. के.पी. सिंह ने कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शोध, नवाचार और ज्ञान के आदान-प्रदान का बेहतर मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान एवं कौशल विकास पर जोर देने के लिए प्रेरित किया।सम्मेलन में कनाडा, भूटान, नेपाल सहित भारत के विभिन्न राज्यों के वैज्ञानिकों, शिक्षकों एवं शोधार्थियों ने प्रतिभाग कर शोध पत्र प्रस्तुत किए और अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं विशेषज्ञों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आयोजक सचिव डॉ. सुमित अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन डॉ. सोनल अग्रवाल ने किया।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### 14 जून को बरेली में 25 केंद्रों पर होगी प्रवक्ता परीक्षा, अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र को ही मिलेगा कर्फ्यू पास का दर्जा

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा/ बरेली। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित प्रवक्ता (पुरुष/महिला) राजकीय इंटर कॉलेज (प्रा.) परीक्षा-2025 जनपद बरेली में 14 जून 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। अपर जिलाधिकारी नगर डॉ. अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा जनपद के 25 परीक्षा केंद्रों पर एक ही पाली में पूर्वाह्न 9ः30 बजे से 11ः30 बजे तक संपन्न होगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।
उन्होंने बताया कि किसी भी स्थिति में यदि विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है अथवा कर्फ्यू लगाया जाता है, तो परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र को ही कर्फ्यू पास के रूप में मान्यता दी जाएगी, ताकि अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कोई परेशानी न हो। ड्यूटी पर तैनात मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों को भी इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

### डीएम ने जारी किया कार्यक्रम, मौके पर होगा समस्याओं का समाधान



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा/ बरेली । जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनपद बरेली के ग्रामीण क्षेत्रों में 11 से 21 जून 2026 तक 'रात्रि चौपाल' का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न तहसीलों की ग्राम पंचायतों में प्रशासनिक अधिकारी पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे और मौके पर ही समाधान कराने का प्रयास करेंगे। रात्रि चौपाल का आयोजन 11 जून को भोजीपुरा ब्लॉक के सुरला, 13 जून को बहेड़ी के रतनगढ़, 15 जून को भुता ब्लॉक के टिसुआ, 17 जून को मीरगंज के नरखेड़ा, 19 जून को रामनगर के मनौना और 21 जून को नवाबगंज के ग्रेम गांव में होगा। इसके अलावा 12 जून को बिथरीचैनपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत लढ़िया में मलिन बस्ती एवं अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्र में सफाई अभियान के साथ जन-चौपाल आयोजित की जाएगी। डीएम ने सभी अधिकारियों को चौपाल में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने और ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।

### ट्रैक्टर से हुई मौत के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बिथरी चैनपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलताबरेली। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने हत्या के मुकदमे में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस के अनुसार थाना बिथरी चैनपुर में दर्ज मुकदमे में वादी छोटेलाल निवासी ग्राम उमेदपुर थाना भुता ने सूचना दी थी कि उसकी बहन राधा के साथ मारपीट की गई, जिससे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में थाना बिथरी चैनपुर पर मुकदमा संख्या 320/2026 धारा 105 बीएनएस के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त पप्पू पुत्र पूरनलाल निवासी ग्राम खजुरिया ब्रह्मनान थाना बिथरी चैनपुर, बरेली को बाईपास पुल के नीचे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी 10 जून 2026 को दोपहर 1ः46 बजे की गई , पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 6 जून की रात वह शराब के नशे में था। मजदूरी के भुगतान को लेकर चल रहे विवाद के दौरान उसने ट्रैक्टर स्टार्ट कर दिया, जो अनियंत्रित होकर नल पर खड़ी राधा की चपेट में आ गया। हादसे के बाद वह मौके से फरार हो गया था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राजेश बाबू मिश्रा, उपनिरीक्षक आनंद प्रकाश सहित पुलिसकर्मी शामिल रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## भोजपुर विधायक राठौर ने सीएम योगी से की भेंट:क्षेत्रीय विकास योजनाओं और जनसमस्याओं पर हुई चर्चा, विकास को मिलेगी गति



क्यूँ न लिखूँ सच / भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों, जनसमस्याओं और चल रही परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की।विधायक राठौर ने मुख्यमंत्री को भोजपुर क्षेत्र की प्रमुख आवश्यकताओं से अवगत कराया। उन्होंने विकास योजनाओं को और गति देने की मांग रखी, ताकि जनहित के कार्य तेजी से पूरे हो सकें।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनहित से जुड़े सभी मुद्दों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक सुनिश्चित रूप से पहुंचाने के निर्देश भी दिए। मुलाकात के दौरान संगठनात्मक और क्षेत्रीय विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग से भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।इस बैठक को क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री ने क्षेत्र की आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना और विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया है।

## आम बीनने जा रहे 10 वर्षीय मासूम को मारुति कार ने रौंदा, मौके पर ही मौत

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल /?श्रावस्ती- थाना क्षेत्र के अंतर्गत बदला से नानपारा जाने वाले मुख्य मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसे में 10 वर्षीय मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार मारुति कार ने सड़क पार कर रहे बच्चे को जोरदार टक्कर मार दी और चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
सड़क पार करते समय हुआ हादसा- प्राप्त जानकारी के अनुसार, काशी पुरवा गांव निवासी प्रभु यादव (उम्र लगभग 10 वर्ष ) पुत्र जनार्दन यादव घर से आम बीनने के लिए निकला था। जैसे ही वह बदला-नानपारा मार्ग पर गांव के पास सड़क पार करने लगा, तभी नानपारा की दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार मारुति कार ने उसे जोरदार ठोकर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मासूम की मौके पर ही तड़प-तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोग जब तक मौके पर दौड़ते, तब तक चालक कार लेकर तेजी से फरार हो गया। ?थाना प्रभारी का बयान- इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक महिमा नाथ उपाध्याय ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। मृतक बच्चे के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फरार कार और उसके चालक की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। ?गांव में पसरा मातम- मासूम प्रभु की अचानक हुई इस मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया है। माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं काशी पुरवा गांव में इस हृदय विदारक घटना के बाद से गहरा मातम पसरा हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों ने मांग की है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाया जाए ताकि आए दिन होने वाले हादसों को रोका जा सके।

## सड़क हादसे में मां की मौत, बेटे का हालत गंभीर

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। सोनवा - बहराइच-भिनगा फोरलेन पर सोनवा क्षेत्र के शिवालापुरवा के पास  एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने बाइक सवार माँ बेटे को पीछे से टक्कर मार दी।
इस हादसे में बाइक सवार मां की कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कार चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। सोनवा थाना क्षेत्र के लक्ष्मणनगर निवासी सुमन देवी (52) पत्नी राजेश कुमार गुप्ता किसी काम से बेटे अनिल के साथ बाइक से बहराइच गई थी वहां से वापस घर लौटते समय बहराइच-भिनगा फोरलेन पर शिवालापुरवा के पास एक अज्ञात कार ने उनके बाइक में पीछे से टक्कर मार दी टक्कर लगते ही सुमन उछल कर सड़क पर गिर गई इसके बाद कार चालक उन्हें रौदते हुए भाग निकला।

## चूड़ी, लॉकेट उतरवाकर अभ्यर्थियों को परीक्षा में प्रवेश:
## फर्रुखाबाद में पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के तीसरे दिन सघन चेकिंग



क्यूँ न लिखूँ सच / श्याम जी कश्यप /फर्रुखाबाद में पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के तीसरे दिन बुधवार को अभ्यर्थियों को सघन चेकिंग के बाद केंद्रों में प्रवेश दिया गया। इस दौरान महिला अभ्यर्थियों के लॉकेट और चूड़ियां उतरवाई गईं। कई अभ्यर्थी मंगलवार रात को ही शहर पहुंच गए थे।
सुबह 7 बजे से ही अभ्यर्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने लगे थे, और 8 बजे से उन्हें प्रवेश दिया गया। प्रवेश से पहले तीन स्तर पर मेटल डिटेक्टर से सघन चेकिंग की गई। इसके बाद बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूरी कर अभ्यर्थियों को आगे भेजा गया। क्रिश्चियन इंटर कॉलेज में पुलिस ने अभ्यर्थियों के आधार कार्ड का प्रवेश पत्र से मिलान किया। इसके बाद मेटल डिटेक्टर से चेकिंग हुई और फिर बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूरी की गई।बद्री विशाल डिग्री कॉलेज में महिला और पुरुष अभ्यर्थियों के लिए अलग-अलग लाइनें लगाई गई थीं, जहां सघन चेकिंग हुई और महिला अभ्यर्थियों की चूड़ियां उतरवाई गईं। एनएकेपी डिग्री कॉलेज में चार स्तर पर चेकिंग, मेटल डिटेक्टर जांच और बायोमेट्रिक प्रक्रिया अपनाई गई। लोहाई रोड स्थित नारायण आर्य कन्या इंटर कॉलेज में महिला पुलिसकर्मियों ने महिला अभ्यर्थियों के लॉकेट, छल्ले, चूड़ी और कंगन उतरवाए। अभ्यर्थियों के जूते भी उतरवाकर जांच की गई।
प्रत्येक पाली में 6,720 अभ्यर्थी परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली शाम 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित की जा रही है। इटावा से आई अभ्यर्थी अंजलि ने बताया कि उनके लॉकेट, क्लेचर और चूड़ियां उतरवाई गईं। हरदोई की श्वेता के भी चूड़ी और लॉकेट उतरवाए गए। मैनपुरी से आए अभय प्रताप सिंह ने बताया कि उन्हें रात में रोडवेज बस नहीं मिली, इसलिए वे ऑटो से आए। हरदोई के लवकुश ने अपनी तैयारी अच्छी बताई। अभ्यर्थियों के प्रवेश के समय बालों को भी देखा गया। इसके अलावा कानों को भी देखा गया। तब जाकर उन्हें प्रवेश किया गया।

## फर्रुखाबाद में गर्मी का सितम: 40 डिग्री पहुंचा पारा, भीषण लू से सड़कें और बाजार हुए सूने



क्यूँ न लिखूँ सच / फर्रुखाबाद। जनपद में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में लगातार हो रही इस बढ़ोतरी और भीषण लू के कारण दोपहर के समय शहर की सड़कें और प्रमुख बाजार पूरी तरह सूने नजर आ रहे हैं।रातों में भी राहत नहीं, उमस और गर्मी से लोग बेहाल- मौसम के बदलते मिजाज के कारण अब दिन के साथ-साथ रातें भी गर्म होने लगी हैं, जिससे लोगों की नींद और दैनिक दिनचर्या दोनों बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। दोपहर के समय तेज धूप और झुलसाने वाली गर्म हवाओं (लू) के कारण लोग घरों में कैद रहने को मजबूर हैं। अति आवश्यक कार्यों से बाहर निकलने वाले लोग भीषण गर्मी से बेहाल हैं और पसीने से तरबतर नजर आ रहे हैं। स्थिति यह है कि घरों और दफ्तरों में लगे पंखे और कूलर भी अब इस भीषण गर्मी में राहत देने में नाकाम साबित हो रहे हैं। अंगोछे और छाते का सहारा, मौसम विभाग की चेतावनी भीषण धूप से बचने के लिए लोग सड़कों पर अंगोछा, स्कार्फ और छाते का सहारा लेते दिखाई दे रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में गर्मी के तेवर और कड़े होने की संभावना है, जिससे तापमान में और वृद्धि हो सकती है।
चिकित्सकों ने दी सावधानी बरतने की सलाह- बढ़ते तापमान और हीटवेव को देखते हुए चिकित्सकों ने आम जनता को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है- दोपहर में निकलने से बचें- डॉक्टरों ने लोगों को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलने की हिदायत दी है। * खान-पान और पहनावा- शरीर में पानी की कमी न होने दें और पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। बाहर निकलते समय हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें और अपने सिर को ढककर रखें।* विशेष देखभाल- स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार व्यक्तियों को इस मौसम में अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए ताकि वे गर्मी से होने वाली बीमारियों से सुरक्षित रह सकें।

## फर्रुखाबाद में भीषण गर्मी से बढ़ी मरीजों की संख्या: उल्टी-दस्त, डायरिया और आंखों के संक्रमण से पीड़ित मरीजों की संख्या में इजाफा



क्यूँ न लिखूँ सच / श्याम जी कश्यप / फर्रुखाबाद जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप का असर लोगों की सेहत पर साफ दिखाई देने लगा है। लोहिया अस्पताल में इन दिनों मरीजों की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज की जा रही है। उल्टी-दस्त, पेट दर्द, डायरिया और आंखों से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित लोग बड़ी संख्या में उपचार के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। गर्म हवाओं और लू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए चिकित्सकों ने लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है।अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन लगभग 900 से 1000 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें अधिकांश मरीज डायरिया, पेट दर्द, उल्टी-दस्त तथा आंखों में जलन और संक्रमण की समस्या से ग्रस्त हैं। कई गंभीर मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है।
चिकित्सक डॉ. अभय श्रीवास्तव ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ उल्टी-दस्त और पेट दर्द के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने लोगों को इस मौसम में खानपान और दिनचर्या को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी। उनके अनुसार हल्का एवं ताजा भोजन करना चाहिए तथा अधिक से अधिक पानी पीना चाहिए।
बुधवार को लोहिया अस्पताल में सुबह आठ बजे से ही पर्चा काउंटर पर मरीजों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं, जो 11 बजे तक काफी बढ़ गईं। अस्पताल में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग लाइनें लगाई गई थीं।
डॉक्टरों की सलाह चिकित्सकों ने गर्मी और लू से बचाव के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। उन्होंने लोगों को तेज धूप में निकलने से बचने, छाते का उपयोग करने तथा सिर और चेहरे को कपड़े से ढककर रखने की सलाह दी है। ढीले और सूती कपड़े पहनने, पर्याप्त मात्रा में पानी, जूस एवं अन्य तरल पदार्थों का सेवन करने पर भी जोर दिया गया है।
आंखों को धूप से बचाने के लिए काला चश्मा पहनने की सलाह दी गई है। वहीं नारियल पानी, सत्तू, बेल का शरबत और छाछ जैसे पेय पदार्थों को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया गया है। डॉक्टरों ने यह भी कहा कि धूप से आने के तुरंत बाद फ्रिज का अत्यधिक ठंडा पानी नहीं पीना चाहिए। बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

## बरखेड़ा में मिला युवक का शव, ऊपरी हिस्सा झुलसा: पुलिस और फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी, जेब से मिले 60 रुपये

क्यूँ न लिखूँ सच / श्याम जी कश्यप / 7 कायमगंज 7 फर्रुखाबाद द्यकायमगंज के कंपिल क्षेत्र के बरखेड़ा गांव में एक आम के बाग में बुधवार को करीब 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिला। युवक का ऊपरी हिस्सा बुरी तरह झुलसा हुआ था, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी है। खेतलपुर सौरिया निवासी अवनीश राजपूत बुधवार दोपहर करीब 1 बजे अपने साथियों के साथ बरखेड़ा गांव के पास स्थित आम के बाग में मूंगफली की फसल देखने गए थे। इसी दौरान बाग के किनारे झाड़ियों में उन्हें औंधे मुंह पड़ा एक युवक का शव दिखाई दिया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब शव को सीधा किया, तो युवक का ऊपरी हिस्सा गंभीर रूप से काला पड़ चुका था और पूरे शरीर पर छाले पड़े हुए थे। तलाशी के दौरान मृतक की जेब से महज 60 रुपये बरामद हुए। शव की स्थिति को देखकर ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि युवक की हत्या कहीं और करके शव को यहां फेंका गया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर बारीकी से साक्ष्य जुटाए। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस आस-पास के थानों और गांवों में युवक की पहचान स्थापित करने का प्रयास कर रही है। कंपिल थानाध्यक्ष नितिन चौधरी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। उन्होंने युवक के चेहरे को तेजाब से जलाने की संभावना से इनकार किया। थानाध्यक्ष ने मृतक के शरीर पर किसी प्रकार का कोई निशान न होने और उसकी जेब से रुपए मिलने के आधार पर स्वाभाविक मौत की भी संभावना जताई है।



## महिला सिपाही ने झोलाछाप पर लगाया यौन शोषण और पिटाई का आरोप, फिर किया समझौता

बरेली में एक महिला सिपाही ने झोलाछाप पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण और पिटाई का आरोप लगाया था। मंगलवार शाम दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। इसके बाद महिला सिपाही अवकाश पर चली गई है। बरेली के एक थाने में तैनात एक महिला सिपाही ने दूसरे समुदाय के झोलाछाप पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण और पिटाई करने का आरोप लगाकर शिकायत की। इसे लेकर दिन भर चली पंचायत के बाद मंगलवार शाम दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। महिला सिपाही अवकाश लेकर चली गई है। मामले में कार्रवाई हो सकती है।बताते हैं कि महिला सिपाही डेढ़ साल से थाने में तैनात है। वह थाने के पास ही किराये के मकान में रहती है। करीब सात महीने पहले वह बीमार होने पर मोहल्ले के ही एक युवक के पास गई थी, जो देशी दवाओं से उपचार का दावा करता है। दोनों में जान-पहचान बढ़ी और प्रेम प्रसंग शुरू हो गया।दोनों के बीच अंतरंग संबंध भी बन गए। महिला सिपाही पहले शादीशुदा थी। उसकी चार साल की बेटी भी है। पति से मतभेद के कारण कुछ समय पहले ही उसका तलाक हुआ था। वह बेटी के साथ रह रही है। बताते हैं कि तलाक के बाद वह प्रेमी पर शादी का दबाव बना रही थी जिसके लिए वह तैयार नहीं था। सोमवार रात दोनों के बीच विवाद बढ़ने पर पुलिस को सूचना दी गई।पुलिस पहुंची तो भागा झोलाछाप- पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी झोलाछाप मौके से भाग गया। पुलिस ने उसकी तलाश में दबिश भी दी। महिला आरक्षी ने थाने में तहरीर देने के साथ ही उसे एक्स पर भी साझा किया, हालांकि बाद में हटा लिया गया। तहरीर में उसने झोलाछाप पर कई बार यौन संबंध बनाने का आरोप लगाया। कहा कि शादी की बात करने पर आरोपी उसे पीटता और रकम ऐंठता था।समझौते के बाद बंद किया फोन- मंगलवार देर शाम दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। मोहल्लेवासियों के अनुसार समझौते के बाद दोनों एक बाइक पर सवार होकर कहीं चले गए। इस घटना के संबंध में इंस्पेक्टर व अन्य अधिकारी जानकारी देने से बच रहे हैं। हालांकि शिकायत व समझौते के पत्र और कुछ ऑडियो रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
OWN STATE
www.knlslive.com
11 June 2026


# अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई: नानपारा एसडीएम व तहसीलदार की टीम ने घेराबंदी कर मठ लोडर और ट्रैक्टर-ट्रॉली को किया सीज




क्यूँ न लिखूँ सच / अमरीक सिंह/ बहराइच क्षेत्र में अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। उपजिलाधिकारी (एसडीएम) और तहसीलदार के निर्देश पर गठित एक विशेष राजस्व टीम ने छापेमारी करते हुए अवैध खनन में लिप्त वाहनों को रंगे हाथों पकड़कर सीज कर दिया। इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। रात 12 बजे टीम ने मारा छापा-प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रशासन को लगातार असवा मोहम्मदपुर क्षेत्र में अवैध रूप से मिट्टी/बालू का खनन किए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम व तहसीलदार के नेतृत्व में एक त्वरित टीम का गठन किया गया। मंगल बार रात करीब 12ः00 बजे नायब मथुरा प्रसाद की अगुवाई में राजस्व टीम ने असवा मोहम्मदपुर में औचक छापेमारी की। इस टीम में हल्का लेखपाल सत्यम साहू, शशांक पटेल और अरुण कुमार लेखपाल शामिल रहे। मौके से वाहन सीज, माफियाओं में खलबली जब टीम मौके पर पहुंची,

तो वहाँ बड़े पैमाने पर अवैध खनन का कार्य चल रहा था। टीम को देखते ही मौके पर भगदड़ मच गई। राजस्व टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए अवैध खनन में लगेः एक मठ लोडर और ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर ही पकड़कर सीज कर दिया। प्रशासनिक चेतावनीः तहसीलदार नायब मथुरा प्रसाद ने दो टूक शब्दों में कहा कि क्षेत्र में किसी भी सूरत में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि भविष्य में कोई भी इस तरह के अवैध कार्यों में लिप्त पाया गया, तो उसके खिलाफ और भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा सकुशल संपन्न



क्यूँ न लिखूँ सच / राजेंद्र विश्वकर्मा/ एडीजी कानपुर जोन, आईजी झांसी परिक्षेत्र, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, अंतिम दिन भी व्यवस्थाएं रहीं चाक-चौबंद उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 का अंतिम दिन जनपद में पूर्णतः नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न हुआ। परीक्षा के सफल संचालन हेतु प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा व्यापक सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिसके परिणामस्वरूप परीक्षा पूरी तरह व्यवस्थित एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न हुई। अंतिम दिन अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर अनुपम कुलश्रेष्ठ, पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र आकाश कुलहरि, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी, बायोमेट्रिक सत्यापन, सीसीटीवी निगरानी, कंट्रोल रूम व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण करते हुए केंद्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन के निर्देश दिए। जनपद में अंतिम दिन दोनों पालियों में कुल 6,528 अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा आयोजित की गई। प्रथम पाली में 3,264 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 2,632 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 632 अनुपस्थित रहे, जबकि द्वितीय पाली में 3,264 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 2,641 अभ्यर्थी उपस्थित एवं 623 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार अंतिम दिन दोनों पालियों में कुल 5,273 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1,255 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध रहा और सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से भर्ती परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

# डीएम व एसएसपी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया

क्यूँ न लिखूँ सच / आज जिलाधिकारी अवनीश राय व एसएसपी अंकिता शर्मा द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी



भर्ती-2025 परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन ढंग से सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया तथा परीक्षा पूर्ण पारदर्शिता एवं शुचिता के साथ शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करायी गयी।

# ग्राम पंचायत मतदाता सूची निरीक्षण हेतु उपलब्ध

क्यूँ न लिखूँ सच / बदायूँ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि तहसील- सदर, बिल्सी, सहसवान, बिसौली एवं दातागंज के अन्तर्गत समस्त ग्राम पंचायत के समस्त प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के आलेख्य में संशोधन कर उत्तर प्रदेश पंचायत राज (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण) नियमावली, 1994 के अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार कर ली गई है और यह नामावली प्रकाशित कर दी गई है और नामावली की एक प्रति उनके कार्यालय/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय में 10 जून 2026 से निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी।

# 11 जून को होगी अटेना पुख्ता गंगाघाट में बाढ़ आपदा प्रबंधन की मॉक एक्सरसाइज आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच / बदायूंः उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद में बाढ़ से निपटने की तैयारियों का आकलन करने हेतु 11 जून 2026 को ग्राम अटेना पुख्ता गंगाघाट, तहसील दातागंज में मॉक एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी। यह कार्यक्रम प्रातः 9:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक संचालित होगा।मॉक एक्सरसाइज के माध्यम से राहत एवं बचाव कार्यों, आपातकालीन प्रतिक्रिया तथा विभिन्न विभागों के समन्वय का परीक्षण किया जाएगा। जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को विभागीय टीम, उपकरण एवं वाहनों सहित समय से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए हैं।

# हैचरी संचालक ने लूट, मारपीट और आगजनी का लगाया आरोप

मिलक। क्षेत्र के पुरैनिया खुर्द गांव में मछली हैचरी संचालक डालचंद ने रास्ते के विवाद और व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा के चलते गांव के 23 लोगों पर मारपीट, लूट, आगजनी और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़ित ने प्रार्थना पत्र में बताया कि 10 मार्च की रात करीब 12 बजे चार आरोपी उसकी झोपड़ी में घुस आए। आरोप है कि उन्होंने मारपीट कर उसका मुंह बांध दिया, 1.20 लाख रुपये लूट लिए और झोपड़ी में आग लगा दी। आग से कपड़े, बिल बुक, रजिस्टर समेत अन्य दस्तावेज जल गए।डालचंद का आरोप है कि अगले दिन गांव में हुई पंचायत के दौरान 23 लोगों ने उसके साथ मारपीट की और गांव छोड़ने तथा जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित का कहना है कि थाना और एसपी को शिकायत भेजने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद उसने न्यायालय की शरण ली। कोतवाल मानी राम ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर गांव निवासी लाखन, गंगाराम, योगराज, सियाराम, चुन्नीलाल, हर प्रसाद, सत्येंद्र, अजय, अमित, राहुल, पीयूष, योगेश, सर्वेश, भजनलाल, विजयपाल, जमुना प्रसाद, भानु, धर्मवीर, सुशील, बृजेश, गौरव, विशाल और रावेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई की समीक्षा



क्यूँ न लिखूँ सच / आज विकास भवन सभागार में मिशन वात्सल्य योनान्तर्गत के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई की योजनाओं पर चर्चा की गयी। जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की प्रथम त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए बैठक के दौरान बताया गया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड के तहत 88 को लाभ दिया गया तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य में 333 को लाभ दिया गया वहीं स्पॉन्सरशिप योजना जिसके तहत 75 बच्चों को लाभ दिया गया है तथा पीएम केयर योजना के तहत तीन लाभार्थियों को लाभ दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पात्रों तक पहुंचाने के निर्देश दिये गये। बाल कल्याण समिति के लम्वित वादों का निस्तारण करते हुये शेष सदस्यों हतु निदेशालय को पत्र प्रेषित करने के निर्देश जिला प्रोबेशन अधिकारी को दिये गये तथा किशोर न्याय बोर्ड के संबंध में कहा कि दायरे से ज्यादा निस्तारण करने के निर्देश दिये गयें। बाल संरक्षण सम्बन्धित जागरुकता कार्यक्रम कराये जाने के निर्देश दिये गये। बाल विवाह के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में कुल 24 बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुयी थी जिसमें 17 बाल विवाह बाल सरंक्षण इकाई बाल कल्याण समिति, ए0एच0टी0 थाना एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से रोके गये है तथा 05 बाल विवाह की सूचना गलत पायी गयी। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बाल विवाह के 17 प्रकरणो पर फॉलोअप कराये जाने के साथ फॉलोअप की स्थिति तैयार कर अगामी बैठक में प्रस्तुत की जाने के निर्देश दिये गये। समस्त बाल विकास परियोजनाधिकारीयों को ब्लाक बाल संरक्षण समिति तथा समस्त अधिशासी अधिकारी को वार्ड बाल कल्याण समिति की बैठक आयोजित कर बैठक की सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। सयुक्त निगरानी समिति जिला कारागार की समीक्षा करते हुये मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला बाल संरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि महिला बन्दी के पुत्र का आधार कार्ड सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित करते हुये आधार कार्ड बनाये जाने तथा जल्द ही उक्त समस्या का निस्तारण कर योजना से लाभान्वित किये जाने की कार्यवाही पूर्ण की जाये। वन स्टाप सेन्टर की समीक्षा करते हुये मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी तथा अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि वन स्टाप सेन्टर पर संवासित पीड़िताओं का शीघ्र मेडिकल परीक्षण कराये जाये। हब फॉर इम्पावरमेन्ट ऑफ बूमेन/ बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना/मिशन शक्ति की समीक्षा की गयी जिसमें मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद स्तर पर मिशन शक्ति व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर जन जागरुकता कार्यक्रम, बाल पेटिंग, रैली, अधिनियमों तथा महिला कल्याण विभाग की योजनाओं की कार्यशाला, कराये जाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर गामिनी सिंगला मुख्य विकास अधिकारी बदायूँ, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण हृदेश कठेरिया, जिला बाल संरक्षण अधिकारी अभय कुमार, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सनोज मिश्रा, सहायक श्रमायुक्त श्वेता गर्ग, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला क्रिडा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा, जी0एम0 डी0आई0सी0, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन संशक्तिकरण अधिकारी, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन, जिला कार्यक्रम अधिकारी, प्रमिला गुप्ता सदस्य किशोर न्याय बोर्ड बदायूँ अध्यक्ष-सदस्य बाल कल्याण समिति नन्द किशोर पाठक, सविता मालपाणी संरक्षण अधिकारी एन0आई0सी रवि कुमार जिला बाल संरक्षण इकाई, हव फॉर इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन द्वारा शैक्षिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती-बल मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, नई दिल्ली एवं गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के मध्य हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (MoU) के अंतर्गत आज 62वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल में एक जागरूकता एवं जानकारीपरक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अमरेन्द्र कुमार वरुण, कमांडेंट, 62वीं वाहिनी के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन की प्रतिनिधि श्रीमती पूनम एवं श्रीमती पुष्पलता ने उपस्थित बलकर्मियों एवं संदीक्षा सदस्याओं को संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षिक पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया तथा रूम्स के अंतर्गत एसएसबी कार्मिकों एवं उनके बच्चों को प्रदान किए जाने वाले विशेष शैक्षिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी।

प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि संस्थान ने एसएसबी परिवारों के बच्चों के लिए विशेष रियायतों एवं सुविधाओं की व्यवस्था की है। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि संस्थान में 10 सीटें एसएसबी के शहीद परिवारों के बच्चों हेतु पूर्णतः निःशुल्क शिक्षा के लिए आरक्षित रखी गई हैं, जिससे वीर जवानों के परिवारों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बलकर्मियों एवं संदीक्षा सदस्याओं ने विभिन्न शैक्षिक योजनाओं एवं सुविधाओं के संबंध में अपने प्रश्न पूछे, जिनका प्रतिनिधियों द्वारा विस्तारपूर्वक समाधान किया गया।

कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए इस पहल की सराहना की। 62वीं वाहिनी द्वारा शिक्षा एवं परिवार कल्याण से जुड़े ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से बलकर्मियों एवं उनके परिजनों को विभिन्न अवसरों एवं सुविधाओं से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे उनके सामाजिक एवं शैक्षिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल सके।

# बिखरते परिवारों को एक डोर से बांधने का सहारा बनी बदायूं पुलिस

क्यूँ न लिखूँ सच / रिजर्व पुलिस लाईन बदायूं में आयोजित परिवार परामर्श केंद्र के सहयोग से तथा



मौजूद काउंसलर गिरधारी सिंह राठौड़ एस डी शर्मा भीमसेन सागर श्रीमती सीमा यादव ज्वाला प्रसाद गुप्ता शिव स्वरूप गुप्ता श्रीमती मधु गौतम श्रीमती नजमा बरकाती संबंधित पुलिस कर्मचारीगण महिला हेड कांस्टेबल कुमुद , महिला कांस्टेबल डॉली, महिला कांस्टेबल संध्या , द्वारा पारिवारिक समस्याओं की कुल 25 फाइलें लगाई गई। जिनमें से 15 फाइलों की काउंसलिंग ,02 फाईल में समझौता ,02 फाईल निरस्त शेष फाइलो में अग्रिम तिथि दी गई एवं उपस्थित पक्षों को सुना गया और उनकी समस्याओं के निवारण का विचार किया गया। समझौता किए गए परिवार को उज्जवल भविष्य की शभकामनाऐं दी गईं।

# फिरौती वसूलने के बाद मान सिंह की भूमि भी हड़पना चाहता था प्रेमपाल

मुरादाबाद। दस साल के सोनू उर्फ गणेश की हत्या में आजीवन कारावास की सजा पाया प्रेमपाल 15 लाख रुपये की फिरौती वसूलने तक ही सीमित नहीं रहना चाहता था। वह मान सिंह की बेटी से अपने साले जितेंद्र की शादी कर उसकी 20 बीघा जमीन और मकान पर भी कब्जा करना चाहता था।कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के इमरतपुर निवासी मान सिंह का इकलौता बेटा 21 फरवरी 2015 की रात गांव में ही बरात देखने गया था। इसी दौरान वहां गांव निवासी प्रेमपाल पहुंच गया और सोनू को अंधेरे में ले जाकर कपड़े से उसका मुंह बांध दिया और बोलेरो में डाल दिया था। इसके बाद गांव के ही अपने साथी नरेश के साथ सोनू को गांव से करीब आठ किलोमीटर दूर धनूपुरा के जंगल में गन्ने के खेत में ले जाकर उसकी हत्या कर दी थी। हत्या करने के बाद ही आरोपी ने फिरौती मांगनी शुरू की थी। कई दिन तक शव गन्ने के खेत में पड़ा रहा और जंगली जानवर उसके शव को खा गए थे। पुलिस की गिरफ्त में आने पर प्रेम पाल ने बताया कि मान सिंह उसके रिश्ते के दादा हैं। उसका मान सिंह के घर जाना था। उसने देखा कि मान सिंह को बड़ी मन्नतों के बाद संतान मिली है अगर इसके बेटे को अगवा कर लिया जाए तो वह फिरौती की रकम आसानी से देगा और फिर उसकी एक बेटी बचेगी जिसकी शादी वह अपने साले जितेंद्र के साथ करा देगा। इसके बाद मान सिंह की 20 बीघा जमीन और मकान पर भी कब्जा कर लेगा। उधर, लगातार मिल रहीं धमकियों के बाद मान सिंह ने भी अपनी जमीन बेचकर आरोपी को फिरौती की रकम देने का मन बना लिया था लेकिन प्रेम पाल और साथी नरेश सोनू की पहले ही हत्या कर चुके थे।12 साल तक नहीं खाया था बाहर का खाना, 45 साल की उम्र में पैदा हुआ था बेटामुरादाबाद। मान सिंह की पत्नी को शादी के कई साल तक संतान पैदा नहीं हुई थी। इसके लिए पति पत्नी ने मन्नतें मांगी थी और उन्होंने 12 साल तक बाहर का खाना नहीं खाया था। अगर वह किसी रिश्तेदारी में जाते थे तो अपने घर से ही खाना लेकर जाते थे। किसी ने उन्हें बताया दिया था कि अगर बाहर का खाना खाएंगे तो संतान नहीं होगी। जिस वक्त मान सिंह के घर में खुशी आई थी तब उनकी उम्र 45 साल हो चुकी थी।

# Could this common gas medicine make you a cancer patient? A shocking truth has been revealed.

Do you also take a pill from the nearest pharmacy whenever you have gas or acidity? Does it contain ranitidine? This has raised concerns about the risk of cancer. Around 2020, the sale of this medication was either stopped or completely withdrawn in many countries. Do you also immediately take a gas pill from the nearest medical store whenever you have indigestion, gas, or dyspepsia? Did you realize that this seemingly small habit can lead to major problems? It also increases the risk of cancer. A gas pill, considered safe and reliable for years, is now a topic of controversy in many countries around the world, with some even banning it. However, in India, it continues to be used in large numbers. We are talking about ranitidine, the most commonly used medication for gas and acidity. This is a salt of a drug sold under several different names in the market. While it provides immediate relief by reducing stomach acid, studies have shown that long-term or regular use of these medications can even cause cancer. Considering these risks, many countries, including the UK, the US, and Singapore, have already banned it. Are you using it too? Ranitidine can cause cancer. This drug is readily available over-the-counter in India. Due to its low price, it is widely used. Medical reports indicate that the biggest risk with ranitidine is that when stored, a chemical called N-nitrosodimethylamine (NDMA) begins to form. Studies have found that it is highly toxic and a potential carcinogen. It is a yellow volatile organic compound found as an impurity in water, air, some common medications, and foods. Long-term or regular exposure to it can increase the risk of cancer. How does this drug work, and when does it become dangerous? Ranitidine is an H2-receptor blocker, whose primary function is to reduce stomach acid production. It affects the stomach's acid-producing cells, reducing acid production and relieving irritation or pain. Because it shows quick action and is readily available, it has been widely used. However, in the study, the team of scientists found that ranitidine's chemical structure naturally converts it into NDMA. This risk increases, especially when the drug is stored at temperatures above room temperature. In addition to its inherent instability, NDMA can also form during the drug's manufacturing process. NDMA exposure is a risk if the drug is exposed to high temperatures, even during normal storage or for preservation. Several previous studies have classified NDMA as a potential carcinogen in humans. Furthermore, long-term high-dose use has been found to increase the risk of cancer. Several countries have already banned ranitidine due to its potential risks. In 2020, several regulatory agencies, including the US FDA, requested the immediate withdrawal of all ranitidine tablets. In addition to the United States, the United Kingdom, the European Union, Australia, and Canada also banned or withdrew the drug due to its side effects. In 2020, regulators in the US and Australia withdrew the original drug, but later reapproved a new, safer formulation. All licenses for ranitidine are suspended in the United Kingdom. The National Health Service lists it as globally unavailable, and it cannot be prescribed by doctors. Ranitidine has not been completely banned in India following the global drug recall. However, its sale and manufacture are strictly monitored. What do doctors say? In an interview, Vikas Kumar, a doctor of internal medicine, says, "There has been a long-standing controversy surrounding ranitidine. While it's not banned in India, we are not prescribing it to patients. We prescribe famotidine and cimetidine instead. Like ranitidine, these drugs are H2-receptor blockers that help reduce gas and acidity. Pantoprazole is also a good alternative. Best of all, they have been found to be safe. While famotidine and cimetidine may be slightly more expensive than ranitidine and may take longer to work, they pose no health risks." To avoid gas or acidity problems and instead of relying on medication every time, lifestyle and dietary changes are most effective. Avoid lying down immediately after meals and limit spicy, oily, and processed foods. Eating small meals and drinking plenty of water also helps control stomach acidity. Natural remedies like ginger, fennel, and buttermilk can also provide relief from mild acidity. Regular exercise and weight management also play an important role in reducing acid reflux.



# Don't be careless during the changing weather; take special care of your health during the monsoon season.

With the arrival of the monsoon season, many states have begun to experience relief from the scorching heat. Such changing weather poses a significant risk of health problems. Therefore, we provide some tips to keep in mind during this changing season. With the arrival of the monsoon season, many states across the country have begun to experience relief from the scorching heat. The rains have brought relief to those suffering from the constantly rising temperatures and heat waves. However, this sudden change in weather also poses several health challenges. According to experts, the transition from summer to rainy season increases the risk of viral infections, colds, fevers, allergies, and stomach-related illnesses. Temperature fluctuations and increased humidity can affect the body's immunity. Therefore, it becomes extremely important to be careful about diet, hygiene, and daily routine. Even minor negligence in the changing weather can lead to health problems. Therefore, it is important to take special care of your health with the arrival of the monsoon season. Let's explore some important health tips that can help keep you healthy and safe this season. 1. Drink boiled or filtered water - The risk of water sources becoming contaminated increases during the monsoon. Drinking untreated water can lead to typhoid, diarrhea, and many other stomach-related illnesses. Therefore, always drink boiled or filtered water. 2. Avoid eating cut fruits and street food - Bacteria and viruses multiply rapidly during the rainy season. Cut fruits and street food sold in the open can cause infection. Eating fresh and clean home-cooked food is a better option. 3. Pay special attention to hand hygiene. Always wash your hands with soap before eating and after returning from outside. This helps protect against germs that can spread infection. 4. Change clothes immediately after getting wet - Staying in wet clothes for a long time after getting wet in the rain can cause colds, fever, and skin problems. Therefore, change into dry clothes immediately. 5. Eat immunity-boosting foods. Seasonal fruits, green vegetables, vitamin C-rich foods, and dry fruits increase the body's resistance to disease, reducing the risk of infection. 6. Protect yourself from mosquitoes - During the rainy season, waterlogging causes mosquitoes to multiply rapidly. To avoid diseases like dengue, malaria, and chikungunya, use mosquito nets, repellents, and full-sleeved clothing. 7. Get enough sleep and stay hydrated - Good sleep strengthens the body's immune system. Drinking adequate water also keeps the body healthy and prevents fatigue. 8. Eat light and easily digestible food - The digestive system can weaken during the rainy season. Therefore, instead of eating fried and heavy food, eat light, nutritious, and easily digestible food. This will reduce the risk of stomach problems.



# The color of your nails can reveal the secrets of your health. Learn what these signs indicate.

This may sound a bit strange, but it's true. Your nails reveal your health. We often focus on caring for our face, eyes, and skin, but nails also provide many important clues about our health. According to experts, the color, texture, and shape of nails can indicate various health problems within the body. Sometimes, visible changes in nails can be an early sign of nutritional deficiencies, infections, heart disease, liver problems, or other serious illnesses. Normally, healthy nails are light pink and smooth. If the color of your nails starts to turn yellow, white, blue, or black, it should not be ignored. While not every change indicates a serious illness, if the color change persists for a long time, it's important to consult a doctor. Let's explore what different nail colors reveal about your health. 1. Pink nails - Light pink nails are considered a sign of good blood circulation and a healthy body. 2. Yellow nails - Yellow nails can indicate a fungal infection, diabetes, thyroid, or lung problems. 3. White nails - Completely white or discolored nails can be a sign of anemia, liver disease, or nutritional deficiencies. 4. Blue or purple nails - This can be a sign of a lack of oxygen in the body. This is seen in heart and lung problems. 5. Black nails - Nails can turn black due to injury, but this can be a sign of a serious skin disease or other health problem without any injury. 6. Brown nails - In some cases, this can be associated with thyroid, malnutrition, or skin conditions. 7. White spots on nails - These are often considered a sign of zinc, calcium, or other nutrient deficiencies. 8. Deep lines on nails - If black or deep lines suddenly appear on the nails, it is important to consult a doctor. When to consult a doctor? Nail color remains abnormal for a long time. Nails become thick, weak, or brittle. Pain, swelling, or signs of infection appear. You may suddenly notice a major change in your nails. Do not ignore changes in your nails, as these can sometimes be early signs of underlying health problems.



# Masaba Gupta called Neena Gupta the "best mom," wished her on her birthday; shared a funny video



Masaba Gupta's daughter shared an old video of her mother, Neena Gupta, on social media to commemorate her 67th birthday. The video showcases Neena's singing talent. Bollywood actress Neena Gupta is celebrating her 67th birthday today. On this special occasion, Masaba Gupta shared a sweet and funny post on social media to celebrate her mother, renowned actress Neena Gupta. A fun mother-daughter conversation: Masaba shared an old video of her mother, Neena Gupta, singing on Instagram. She also shared a screenshot of a chat with her mother. In it, Masaba asked her mother to make sugar-free gram flour laddus. To this, Neena Gupta jokingly replied, "It's too hot right now to eat gram flour laddus." Masaba wished her mother - Wishing her mother a happy birthday, Masaba captioned this special video, "Happy birthday to my dear mother, who lives life in her own style. And can I get gram flour laddus now?" Neena Gupta wished herself - Setting an example of self-love, Neena Gupta also posted a stylish photo of herself on her Instagram. She wrote, "Happy birthday to me and thank you for all your wishes." Many celebrities and her fans wished Neena on her birthday. Neena Gupta's film career - Neena Gupta completed her studies by topping the National School of Drama in 1980 and started her acting career in 1982 with the film "Saath Saath." She has done excellent work in international films like "Gandhi" and "The Deceivers," as well as serious films like "Mandi" and "Rihai." Posts for work: In 2017, Neena Gupta wrote a post on social media seeking work, which was widely discussed. Following this, her performance in the 2018 film "Badhaai Ho" was highly praised. In recent years, she has also done excellent work in "Shubh Mangal Zyada Saavdhan" and the popular web series "Panchayat."



# "Someone to make my day better...," Mrunal Thakur penned a sweet note for her father; shared unseen photos

Mrunal Thakur shared several photos with her father on social media today, along with a sweet note. Mrunal Thakur shared several beautiful photos with her father on social media today. Along with this, Mrunal also penned a sweet note for her father. Mrunal will be seen in the film "Hai Jawani Toh Ishq Hona Hai" alongside actors Varun Dhawan and Pooja Hegde. Mrunal Thakur's love for her father - Bollywood actress Mrunal Thakur shared some adorable photos with her father on Instagram. Along with these photos, she wrote that her father always makes her feel special. Fans are loving their relationship and are showering the pictures with love. 'Dakait' to be released on OTT platform - Mrunal Thakur and Adivi Sesh's new film, 'Dakait,' is set to release on Amazon Prime Video on June 5th. It's an action-and-love story, in which the protagonist, Adivi Sesh, sets out to take revenge on his former partner, Mrunal Thakur, after being betrayed. The film also stars prominent actors like Anurag Kashyap and Prakash Raj. Mrunal will be seen in 'Hai Jawani To Ishq Hona Hai' - Mrunal Thakur's new film, 'Hai Jawani To Ishq Hona Hai,' is also releasing in theaters on June 5th. This fun, family comedy film is directed by renowned director David Dhawan. For the first time, Varun Dhawan, Pooja Hegde, Mrunal Thakur, and Manish Paul will be seen together on screen. Recently, Mrunal shared a fun video of the film's song 'Chunri Chunri.'

# "Brown" screening held in Mumbai, Saif Ali Khan and Kareena Kapoor Khan supporting Karisma Kapoor

Actress Karisma Kapoor's web series "Brown" held a special screening in Mumbai today. Her sister, Kareena Kapoor, and brother-in-law, Saif Ali Khan, were present to support Karisma.

Bollywood actress Karisma Kapoor has been in the news for her upcoming web series "Brown." Ahead of the series' release, a special screening of "Brown" was held in Mumbai on Thursday. Saif Ali Khan and Kareena Kapoor attended the event to support Karisma. "Brown" screening held today - A special screening of the "Brown" series was held in Mumbai today. Several celebrities attended, but all eyes were on Karisma Kapoor, Saif Ali Khan, and Kareena Kapoor Khan. In the series, Karisma plays Rita Brown, a police officer. The trio's looks: Kareena Kapoor wore a simple light blue printed floral suit at the screening. Saif, meanwhile, looks handsome as always in a black Pathani kurta-pyjama. Karisma is wearing a cream-colored coat with a black dress, giving a glimpse of her character, Rita Brown. When and where will it be released? Abhinay Deo is the director of the web series "Brown." "Brown" is a highly acclaimed neo-noir psychological thriller web series set in Kolkata. "Brown" will be released on June 5th. It is being released directly in Hindi on the OTT platform ZEE5. Karisma had refused the role of Rita Brown - During a conversation with ANI, Karisma revealed that when she was initially offered the role of Rita Brown in the series "Brown," she immediately declined. In fact, Karisma wondered how she would manage to travel to Kolkata for so long to shoot "Brown." When the series' director, Abhinay Deo, explained the situation, she immediately agreed to the role.



